बृहस्पतिवार
27 जुलाई 2023



पृष्ठ 4

**वारिश में भीगने के बाद करें इन पेय पदार्थों का सेवन, शरीर को मिलेगी गरमाहट**



पृष्ठ 5

**वॉर-2 में नजर आएंगी कियारा आडवाणी**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 171
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होती और जागते रहने से भय नहीं होता।

— चाणक्य

# दून वैली मेल

आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## गड़बड़झाला: सब रजिस्ट्रार रामदत्त सस्पेंड

विशेष संवाददाता

देहरादून। रजिस्ट्री कार्यालय में लंबे समय से चले आ रहे गड़बड़ झाले के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज भ्रष्टाचार के खिलाफ एक और एक्शन लेते हुए सब रजिस्ट्रार राम दत्त मिश्र को सस्पेंड कर दिया है।



मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि रजिस्ट्री कार्यालयों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालयों में हो रहे गड़बड़झाला और भ्रष्टाचार को कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामलों की जांच के लिए पहले ही एसआईटी का गठन किया जा चुका है। जांच होने दीजिए किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

**❑सीएम धामी ने किया था रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण**
**❑भारी भ्रष्टाचार के मिले थे संकेत, एसआईटी कर रही है जांच**

यहां यह उल्लेखनीय है कि बीते समय में कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। रजिस्ट्री कार्यालय में जमीनों के मूल दस्तावेजों के गायब होने और उनकी जगह फर्जी दस्तावेज लगाए जाने से लेकर जमीनों की फर्जी तरह से हो रही खरीद-फरोख्त से शासन-प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी इस मामले को अति गंभीर मामला मानते हुए इस बात की जांच में जुटे हुए हैं कि वह कौन व्यक्ति है जो इस तरह के कारनामों को अंजाम दे रहा है। अभी जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम को भी यह आदेश दिए गए थे कि वह दाखिल खारिज से पूर्व दस्तावेजों की गहनता से जांच करने के बाद ही दाखिल खारिज करें।

बीते कल सचिव वित्त दिलीप जावलकर खुद सब रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे थे उन्होंने कहा कि सभी रजिस्टर और सब रजिस्ट्रार तथा रिकॉर्ड रूमों की निगरानी मुख्यालय स्तर पर होगी। उन्होंने आईजी स्टाम को भी सभी कार्यालयों में सीसीटीवी लगाने और सुरक्षा ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का ड्यूटी चार्ट अपडेट रखने के निर्देश दिए थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि जिस तरह के अनेक मामले अब तक प्रकाश में आए हैं वह चिंताजनक हैं तथा व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार के संकेत दे रहे हैं। उन्होंने आज सब रजिस्ट्रार के संस्पेंशन का आदेश देते हुए कहा कि अब इसकी पूरी जांच होगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## स्टिंग मामले की सुनवाई अब 31 अगस्त को होगी

**❑हाई कोर्ट का फैसला आने का इंतजार बढ़ा**

विशेष संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट में स्टिंग मामले को लेकर चल रही सुनवाई आज एक बार फिर चल गई अब इस मामले की सुनवाई 31 अगस्त को होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से जुड़े स्टिंग मामले को समाप्त किए जाने संबंधी याचिका पर अब 31 अगस्त को सुनवाई होगी। 2016 के इस मामले को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत द्वारा याचिका दाखिल करते हुए कहा गया था कि तत्कालीन सरकार द्वारा इस केस को वापस ले लिया गया है तथा इसका शासनादेश भी जारी हो चुका है ऐसी स्थिति में अब इस केस को चलाए जाने का कोई औचित्य नहीं है इसलिए इसे समाप्त किया जाए। लेकिन अभी इस मामले पर नैनीताल हाईकोर्ट का कोई फैसला नहीं आया है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले की जांच सीबीआई द्वारा भी की जा रही है जिसके संदर्भ में अभी बीते दिनों सीबीआई द्वारा दोनों पक्षों के वॉइस रिकॉर्डिंग के लिए नोटिस जारी किया गया था। जिसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा था कि सीबीआई की यह कार्यवाही राजनीति से प्रेरित है और क्योंकि लोकसभा चुनाव करीब है इसलिए सीबीआई केंद्र के सारे पर काम कर रही है।

उनका कहना था कि 2016 से जाकर अब 2023 में सीबीआई को इस केस की याद आई है जबकि तत्कालीन सरकार इस केस को वापस ले चुकी है और यह केस चलेगा या नहीं चलेगा इसे लेकर हाईकोर्ट में मामला चल रहा है। हरीश रावत का कहना था कि सीबीआई को कम से कम हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार तो करना चाहिए था।

आज नैनीताल हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी थी लेकिन अब इसकी सुनवाई के लिए 31 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई है हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही यह तय होगा कि इस मामले में आगे क्या होगा।

## सतलुज नदी में गिरा एक पिकअप, तीन लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में एक पिकअप ट्रक के सड़क से फिसलकर सतलुज नदी में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों के मरने की आशंका है। इस घटना में एक महिला घायल हुई है। पुलिस ने बताया कि ट्रक में चार लोग सवार थे और सभी जानी गांव के निवासी थे। ट्रक निचार इलाके में जानी लिंक रोड से नदी में गिर गया उन्होंने बताया कि ट्रक का चालक जीवन सिंह, उसकी पत्नी चंपा देवी और अन्य महिला अनिता कुमार नदी में बह गए जबकि वाहन के गिरते समय राजकुमारी उससे नीचे गिर गई और पर्वतीय क्षेत्र में फंस गई। उन्होंने बताया कि घायल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



## पीएम मोदी ने देश के 8.5 करोड़ किसानों के खाते में किसान सम्मान योजना की 14वीं किस्त जारी की

सीकर । देश के करोड़ों किसानों के लिए आज का दिन खास है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की जिस 14वीं किस्त का इंतजार था, वो आज जारी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के सीकर में आज एक सरकारी कार्यक्रम में किसानों के लिए लाभकारी इस स्कीम के तहत ये किस्त जारी की। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए देश के 8।5 करोड़ किसानों के खाते में 2000 रुपये सीधा उनके खाते में पहुंच गए हैं। इस 14वीं किस्त के जरिए किसानों को 17,000 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर किए गए हैं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीकर में एक सरकारी कार्यक्रम में कई विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी है। इसमें मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन के अलावा उन्होंने 1।25 लाख किसान समृद्धि केंद्रों का भी उद्घाटन किया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज की किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त को जोड़ दें तो अब तक 2।60 लाख करोड़ से भी ज्यादा रुपये किसानों के बैंक खातों में सीधे भेजे गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश में किसानों की मुश्किलों को हल करने के लिए 1।25 लाख किसान समृद्धि केंद्रों को समर्पित किया जा रहा है। इनके जरिए खेती से जुड़ी हर जानकारी, हर योजना की सूचना, उसे लाभ आदि के जरिए बताया जाएगा। आज देश के करोड़ों किसानों को करीब 18,000 करोड़ रुपये की राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत दी गई है जो सीधा उनके खाते में आ रही है।इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में 7 नए मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन भी किया। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित किया।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# गारंटी वाली राजनीति

जी हां अब भारत पुराने वाला भारत नहीं रह गया है, यह 21वीं सदी का नया भारत है। भारत बदल रहा है और इस बदलते भारत में देश की राजनीति में भारी बदलाव हुआ है। देश में कायदे और वायदे की राजनीति का दौर समाप्त हो चुका है और गारंटी वाली राजनीति का दौर शुरू हो गया है। भले ही इस गारंटी की राजनीति का आरंभ दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संस्थापक अरविंद केजरीवाल ने किया हो जिन्हें मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की राजनीति करने वाले के रूप में भी जाना जाता है लेकिन अब इस गारंटी की राजनीति को अपनाने के लिए सभी राजनीतिक दल मजबूर हैं या यूं कहिए यह गारंटी की राजनीति अब सभी को मनभावन लगने लगी है। बीते कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दिल्ली के प्रगति मैदान में जब भारत मंडपम का उद्घाटन कर रहे थे तो उन्होंने देशवासियों को एक गारंटी दी कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जाएगा और लोग अपनी आंखों के सामने अपने सपनों को पूरा होता हुआ देखेंगे। पीएम मोदी का इसे आत्मविश्वास कहे या फिर अति अहंकार कि वह 2024 के चुनाव से भी पहले अपने आप को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी कर रहे हैं और इस बात की गारंटी दे रहे हैं कि देश अगले 5 साल में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। पीएम मोदी ने कल अपने संबोधन में जिस तरह से 2014 से पहले के भारत और आज के भारत की तस्वीर पेश की उससे ऐसा लग रहा था कि जैसे 2014 से पहले वाली सरकारों ने देश के विकास के लिए कुछ किया ही नहीं था जो कुछ भी प्रगति व विकास हुआ है वह सिर्फ पिछले 9 सालों में ही हुआ है क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोगों को यह बताना चाहते हैं कि अगर देश के लोगों ने उन्हें तीसरी बार सत्ता में आने का मौका नहीं दिया तो वह देश को विकास की दौड़ में पीछे धकेलने का काम करेंगे या फिर इसके बाद देश हमेशा एक पिछड़ा देश ही बना रहेगा। और विकसित भारत का सपना कभी पूरा नहीं हो सकेगा। या वही एकमात्र हैं जो भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। पीएम मोदी इस तरह का कोई सपना पहली बार देश के लोगों को नहीं दिखा रहे हैं 2014 के चुनाव में भी उन्होंने देश के लोगों को अच्छे दिनों को लाने का सपना दिखाया था काला धन विदेशों से 100 दिन में वापस लाने की गारंटी दी थी और देश के गरीबों की गरीबी मिटाने का दावा किया था। जो 9 साल में वह पूरा नहीं कर सके हैं। देश में आज भी बेरोजगारी, गरीबी व महंगाई तथा भ्रष्टाचार ऐसे मुद्दे हैं जो आम आदमी की जान पर भारी पड़ रहे हैं लेकिन नेताओं ने राष्ट्रवाद और गारंटी के मुद्दों से इन्हें हाशिए पर फेंक दिया है। मोदी कल जब देश के लोगों को यह गारंटी दे रहे थे उसी समय मणिपुर की शर्मनाक घटनाओं पर 6 दिन के हंगामे के बाद संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस अविश्वास प्रस्ताव को विपक्ष अपनी सुनिश्चित हार के बाद भी सिर्फ इसलिए लाया है कि क्योंकि प्रधानमंत्री अपने सत्ता बल के अहंकार में सदन में आने को तैयार नहीं हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो पीएम मोदी जिस मुद्दे पर सदन से बाहर उसे शर्मनाक निंदनीय बता सकते हैं तो फिर सदन में बयान देने में उन्हें क्या आपत्ति है। विपक्ष उनके इस अहंकार को तोड़ने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया है। पीएम मोदी को सिर्फ अपनी बात कहने का ही हक नहीं है उन्हें विपक्ष की बात भी सुननी चाहिए जिसके लिए वह तैयार नहीं है। और वह आज भी सिर्फ गारंटी के साथ अपनी ही बात कह रहे हैं।

# शहीद मनोज राणा की 10वीं पुण्यतिथि पर मंत्री गणेश जोशी ने की श्रृद्धांजलि अर्पित

हमारे संवाददाता

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के राजपुर निवासी अमर शहीद मनोज राणा की 10वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रृद्धासुमन अर्पित की।



गौरतलब है कि शहीद मनोज राणा भारतीय सेना के 2/4 गोरखा राइफल में तैनात थे और वर्ष 2013 में आज ही के दिन एक आतंकी हमले में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में वह शहीद हो गए थे। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि बलिदानी की कोई जाति या धर्म नहीं होता, बलिदानियों का सम्मान उनकी यादों को संजोय रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात हर पांचवां सैनिक उत्तराखंड से होता है, देश को जब-जब जरूरत पड़ी उत्तराखंड के वीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मंत्री ने कहा प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देहरादून के गुनियाल गांव में सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। कहा कि सैन्य धाम का मुख्य गेट देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम से बनाया जा रहा है। मंत्री जोशी ने कहा कि जब यह सैन्य धाम बनकर तैयार होगा जैसे चारों धामों के दर्शन करने लोग आते हैं, उसी तरह सैन्य धाम को देखने भी आएंगे। मंत्री ने कहा कि शहीद मनोज राणा के बलिदान हमेशा याद किया जाएगा।

इस अवसर पर शहीद की माता उषा राणा, बहन पिंकी राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, गोर्खाली सुधार सभा के अध्यक्ष पद्म बहादुर थापा, पार्षद मंजीत रावत, दीपक अरोड़ा, मोहित अग्रवाल, विशाल कुल्हान, रोशनबाला थापा आदि उपस्थित रहे।

# कांवड़ के नाम पर अराजकता फैला गए असमाजिकतत्वः नेगी

हमारे संवाददाता

देहरादून। कांवड़ यात्रा के दौरान मुनि की रेती मे बाइक से अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे नरेंद्र नगर के पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत को पीछे से कांवड़ियों ने टक्कर मार दी जिससे पीछे बैठे पूर्व विधायक उछल कर सड़क पर गिर गए और वह बुरी तरह घायल हो गए थे। अस्पताल में उपचार के बाद वह अपने घर पर बेड रेस्ट कर रहे हैं उनका हालचाल जानने प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने पुष्प गुच्छ देकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



इस मौके पर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में कुछ असमाजिक तत्त्व घुस गए थे जिन्होंने काफी हुडदंग अराजकता फैलाई और मारपीट करके लोगों को बुरी तरह घायल कर दिया। भिंगारकी आगराझल के पूर्व प्रधान कमल सिंह रावत के साथ मारपीट कर अधमरा कर दिया। हरिद्वार के ज्वालापुर में बाप बेटी को कुचलने व मंगलोर में मारपीट के बाद गाड़ी को पलटने जैसी घटनाएं करने वाले शिव भक्त हो नही सकते। ऐसे लोगों का सभ्य समाज में कोई स्थान नही। आलम ये था कि यह लोग बाइक का साइलेंसर निकाल कर हुडदंग करते रहे और प्रशासन आंखे मूंदे देखता रहा।

सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीटू त्यागी ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर नकेल लगनी चाहिए। उत्तराखंड देवभूमि है इसकी पवित्रता बनी रहनी चाहिए और सरकार को ऐसे तत्वों पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर भास्कर गैरोला, महेश जोशी, ललित भद्री, सुरेश जुयाल, किशोर रावत आदि उपस्थित थे।

# शराब तस्करी में दो गिरफ्तार, 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

हमारे संवाददाता



चमोली। पहाड़ों पर शराब तस्करी कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से 10 पेटी अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर भारी मात्रा में अवैध शराब सहित आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को सिमली बैरियर के पास एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार सवार दो लोग सकपका कर भागने लगे। जिन्हे घेर कर रोका गया। कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसमें रखी 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। पूछताछ में उन्होने अपना नाम कैलाश पुत्र कृतान सिंह निवासी ग्राम बडेथ पो. देवलकोट नन्दासैंण जनपद चमोली व हरीश पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम खेती थाना गैरसैंण जनपद चमोली बताया। पुलिस ने उन्हे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

आगन्म वृत्रहन्तमं ज्येष्ठमग्निमानवम्।
यस्य श्रुतर्वा बृहन्नार्क्षो अनीक एधते।।
(ऋग्वेद ८-७४-४)

हमारा प्रयास दिव्य शक्ति अग्नि के समीप पहुंचने का होना चाहिए जो पाप के अंधकार की विनाशक है। वही हमारी वासनाओं को नष्ट करेगी। उसके आशीर्वाद से ही महान जन उन्नति कर रहे हैं।

# लघु व्यापारियों ने किया एसडीओ के कार्यालय का घेराव



संवाददाता

हरिद्वार। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा वेंडिंग जोन पर आपत्ति नोटिस निरस्त किए जाने की मांग को लेकर लघु व्यापारियों ने यूपी सिंचाई विभाग एसडीओ के कार्यालय का घेराव किया।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारी के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के आव्हान पर अपने घोषित कार्यक्रम के अनुसार तुलसी चौक पर हरिद्वार पंचपुरी क्षेत्र के रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारी भारी संख्या में इकट्ठा होकर उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा वेंडिंग जोन पर आपत्ति नोटिस निरस्त किए जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जुलूस के रूप में यूपी सिंचाई विभाग एसडीओ के कार्यालय का घेराव किया। घेराव धरना प्रदर्शन के दौरान एसडीओ को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन भी प्रेषित किया। इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय आजीविका मिशन का घोर उल्लंघन करते हुए हरिद्वार नगर निगम द्वारा विकसित किए गए वेंडिंग जोन पर आपत्ति नोटिस दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कुंभ मेला 2021 के दौरान कुंभ मेला अधिकारी रहे दीपक रावत के निर्देशन में हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा वेंडिंग जोन बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की थी कुंभ मेले आयोजन के उपरांत प्रथम रूप से चंडीघाट मार्ग स्थित न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन स्थापित किया गया था। उसके उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुसार रोड़ी बेलवाला स्थित महिला पिंक वेंडिंग जोन 100 महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करते हुए विकसित किया गया वर्ष 2022 में ज्वालापुर पुल जटवाड़ा का वेंडिंग जोन भी व्यापारी गतिविधियों के लिए संचालित हो रहा है यूपी सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजना की बगैर जानकारी लिए हरिद्वार नगर निगम को जो नोटिस दिया गया है वह न्याय पूर्ण नहीं है।

# जमीन के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर 14 लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चक्की टोला निवासी रामभजन शाह ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने 09. दिसम्बर 2015 धूम सिंह से एक जमीन जिसमें एक दो मंजिल आवासीय भवन है को विक्रय करने का एक अनुबन्ध पत्र उसके साथ किया जो 43 लाख रूपये में था। उसने चौदह लाख अठ्ठारह हजार रूपये धूम सिंह को दिये तथा धूम सिंह के कहने पर धनराशि अंजली को दी। इन लोगों ने उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री नहीं की कहा कि वह तीन फ्लैट मधु विहार में बना रहे हैं। उसमें उसका दिया हुआ रूपया समायोजित कर देगें तथा फ्लैट बेच कर उसको उसका दिया हुआ रूपया तथा प्रोफिट दे देंगें।

वह इनकी बात मान गया। वर्ष 2019 में तृतीय तल का फ्लैट बेच दिया। वर्ष 23 नवम्बर 2021 में ग्राउण्ड फ्लोर को बेच दिया। उसने कहा आपने दो फ्लैट बेच दिये हैं। उसका रूपया वापस करो तो अंजली चौधरी पत्नी पवन चौधरी ने मना कर दिया कहा वह उसका रूपया नहीं देंगे। जो तुमसे होता हो कर लो। उनके मन में बेईमानी आ गयी है तथा उसका रूपया वापस करने से साफ इंकार कर दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 14 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने 14 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई थाना पुलिस ने डीबीएस चौक के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार को चैकिंग के दौरान रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने कार के अन्दर से 14 पेटी शराब बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम मोनू त्यागी पुत्र सत्यप्रकाश त्यागी निवासी चकराता रोड बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार को सीज कर दिया।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने कबाडी मार्केट के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में खडे देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से सवा चार ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम नितिन पुत्र लारेस निवासी ब्रहमपुरी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# जानलेवा हमले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक ही परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढकरानी निवासी महमूद हसन ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज सुबह करीब 8 बजे सुबह उसका पुत्र जुल्फकार अपने साथी सादिक पुत्र शहीद के साथ अपने खेत बड़ी फील्ड के नीचे पर गया हुआ था।

वही खेत के पास में रहने वाले दिलशाद पुत्र अख्तर, शमीना पत्नी दिलशाद, शहजाद पुत्र दिलशाद, आजाद पुत्र दिलशाद, भूरा पुत्र दिलशाद आदि लोगों ने बिना किसी बात के जुल्फकार पर लाठी- डण्डों, दाती, पाठल, तलवार से एक राय होकर जानलेवा हमला कर दिया जिस कारण उसके पुत्र के दोनों हाथ कट गये व उसके सिर पर भी पाठल से हमला किया गया। उसके पुत्र को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, उक्त घटना कारित करने के बाद भी दिलशाद, शमीना, शहजाद, आजाद, आदि उसके घर पर आकर धमकी दे रहे है कि अगर उनके खिलाफ कोई कार्यवाही करने की कोशिश की तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चमोली में हुए हादसे के मृतकों की शांति के लिए किया हवन यज्ञ

संवाददाता

देहरादून। ब्राह्मण समाज महासंघ ने चमोली के हादसे के मृतकों की शांति के लिए हवन यज्ञ किया।

आज यहां ब्राह्मण समाज महासंघ उत्तराखंड के संगठन सचिव मनमोहन शर्मा ने बताया कि सुबह परशुराम मंदिर चकराता रोड में परशुराम चतुर्वेद विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मंत्रोच्चारण कर चमोली में हुए हादसे में मृत व्यक्तियों की आत्मा शांति के लिए हवन यज्ञ किया गया। महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद मेहता ने कहा ब्राह्मण समाज को दुख पहुंचा है और दिवंगत आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दुख की घड़ी में महासंघ के महासचिव शशि शर्मा ने दुख व्यक्त करते हुए कहा के अचानक से कोई



हादसा हो जाता है और हादसे में मृत हो जाता है उसकी आत्मा भटकती रहती है और उसकी आत्मा शांत नही होती इसलिए हवन यज्ञ किया गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई की दिवंगत आत्माओं को ईश्वर के चरणों में वास मिले। इस कामना के साथ ब्राह्मण समाज द्वारा हवन यज्ञ किया गया जिससे भटकती हुई आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति हो। इस दुख की घड़ी में संरक्षक ओपी वशिष्ठ, आचार्य पवन शर्मा, लालचंद शर्मा आदि मौजूद थे।

# मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जागृति पुरम मोहकमपुर निवासी अनिल कुमार ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दून चिकित्सालय से मोबाइल चोरी

संवाददाता

देहरादून। दून चिकित्सालय से चिकित्सक का मोबाइल चोरी किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दून चिकित्सालय की डाक्टर आशना पंत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी डयूटी अमरजेंसी में थी। वह अमरजेंसी से राउंड पर गयी जब वह वापस आयी तो उसने देखा कि उसका व डाक्टर कंचना का मोबाइल गायब था। किसी ने उनके मोबाइल चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सरेआम महिला से कान से कुण्डल लूटकर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सरेआम बीच सड़क पर महिला के कान से कुण्डल लूट कर भागने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लूटा गया कुण्डल व लूट में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार बीती 21 जुलाई को साई सोसाईटी आदर्श नगर रुड़की निवासी विमला ने कोतवाली रुड़की पर तहरीर देकर बताया गया था कि बाइक सवार एक बदमाश द्वारा पीछे से झपट्टा मारकर उसके कान के कुण्डल लूट लिये गये है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लुटेरे की तलाश शुरू कर दी गयी। लुटेरे की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से गहराई से पड़ताल करते हुए अनेक लोगों से पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने एक सूचना के आधार पर लूट के आरोपी को बीती शाम सोनाली पुल से लूटे गये कुण्डल व लूट में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम शुभम कुमार पुत्र राम कुमार निवासी न्यू आदर्श नगर रुड़की बताया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# दुपहिया वाहन चोरियों का खुलासा दो गिरफ्तार, दो स्कूटी बरामद

हमारे संवादाता

चम्पावत। दुपहिया वाहन चोरियों के दो मामलो का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को चोरी की गयी दो स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक पूर्व में भी चोरी के मामले में जेल की हवा खा चुका है।

जानकारी के अनुसार वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर पुलिस के आलाधिकारियों ने थाना लोहाघाट क्षेत्रान्तर्गत हुई 2 स्कूटी चोरी की घटनाओ के अनावरण में थाना लोहाघाट पुलिस एंव एस.ओ.जी टीम को निर्देशित कर वाहन चोरो की धरपकड़ हेतू लगाया गया था। वाहन चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को कल देर शाम सूचना मिली कि उक्त चोरी में शामिल चोर क्षेत्र में देखा गया है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस टीम को श्यामलाताल मोड़ चम्पावत- टनकपुर मार्ग पर स्कूटी सवार एक संदिग्ध आता हुआ दिखायी दिया। जो पुलिस द्वारा की जा रही चैकिंग को देखकर स्कूटी मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम सागर मेहता पुत्र स्व. प्रकाश सिंह मेहता निवासी काली गाँव थाना लोहाघाट बताया। बताया कि उसने लोहाघाट शीतला मंदिर एंव बंजरंग बली वार्ड से दो स्कूटी क्रमशः 17 जुलाई व 21 जुलाई की रात दो स्कूटी चोरी की थी। जिनमें से चोरी की एक स्कूटी को उसने अपने दोस्त हिमालय हनैरी पुत्र हुकुम राम हनैरी निवासी श्यामलाताल को 3000 रुपए में बेच दी है। जिस पर पुलिस ने सागर मेहता की निशादेही पर आरोपी हिमालय हनैरी को ग्राम श्यामलाताल से गिरफ्तार कर चोरी की गयी स्कूटी को बरामद कर लिया गया है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार सागर मेहता हरियाणा में चोरी के एक मामले में जेल जा चुका है।

# नारियल के दूध के इस्तेमाल से मिलते हैं ये 5 मुख्य फायदे, एक बार जरूर आजमाएं

नारियल का दूध पके नारियल का इस्तेमाल करके तैयार किया जाता है। इसके लिए नारियल के सफेद हिस्से को कद्दूकस करके उसको गर्म पानी में छोड़ दिया जाता है, फिर नारियल की क्रीम को हटाकर बाकी तरल पदार्थों को एक हल्के कपड़े की मदद से छान दिया जाता है। इसे ही नारियल का दूध कहा जाता है। यह दूध एंटी-ऑक्सीडेंट्स, डाइटरी फाइबर और गुड फैट जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है, इसलिए इसका इस्तेमाल करना लाभदायक है।

हृदय स्वास्थ्य के लिए है अच्छा : नारियल के दूध में लॉरिक एसिड होता है, जो खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह हृदय रोग के सबसे प्रमुख कारकों में से एक है। ६० स्वस्थ लोगों पर ८ हफ्ते तक किए गए एक अध्ययन के मुताबिक, जिन लोगों ने लगातार नारियल के दूध का दलिया खाया, उनके खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर में काफी कमी आई और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर में इजाफा देखा गया।

मधुमेह से ग्रस्त लोगों के लिए भी फायदेमंद : नारियल के दूध का ब्लड शुगर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर में इंसुलिन स्राव में सुधार करते हैं। थाईलैंड में किए गए एक शोध के अनुसार, नारियल का दूध इंसुलिन के प्रति सेलुलर प्रतिक्रिया को बढ़ाता है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर संतुलन में रहता है। यह भोजन के ग्लाइसेमिक इंडेक्स को भी कम करता है। ऐसे में इससे मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

अल्जाइमर रोग से निपटने में है कारगर : नारियल के दूध में मीडियम-चेन ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा होती है। ये एमसीटी आसानी से लीवर में अवशोषित हो जाते हैं और कीटोन्स में परिवर्तित हो जाते हैं। कीटोन्स को मस्तिष्क के लिए ऊर्जा के एक वैकल्पिक स्रोत के रूप में पहचाना गया है और यह अल्जाइमर रोग के पीड़ितों के लिए फायदेमंद हो सकता है। बता दें कि अल्जाइमर एक मानसिक रोग है, जिससे ग्रसित व्यक्ति की धीरे-धीरे मस्तिष्क की कोशिकाएं खत्म होने लगती हैं।

त्वचा को करता है मॉइस्चराइज : क्या आपने कभी मिल्क बाथ के बारे में सुना है? यह स्नान प्राचीन काल में काफी लोकप्रिय था। एंटी-ऑक्सीडेंट्स और फैटी एसिड से भरपूर नारियल का दूध आपकी त्वचा को पोषण देगा, रूखापन समेत जलन को ठीक करेगा और स्वस्थ त्वचा को बढ़ावा देगा। लाभ के लिए गर्म पानी में नारियल का दूध, गुलाब जल और गुलाब की पंखुड़ियां मिलाएं। फिर इस मिश्रण से नहाएं।

रूखे और बेजान बालों को करता है ठीक : मानसून में बालों के रूखे और बेजान होने की संभावना काफी बढ़ जाती है, जिन्हें ठीक करने में नारियल का दूध काफी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व बालों के विकास को भी बढ़ावा देते हैं और बेजान बालों का इलाज करते हैं। लाभ के लिए नारियल के दूध से अपने सिर की हल्के हाथों से मालिश करें और फिर अपने सिर पर कुछ देर के लिए गर्म तौलिया लपेटें। इसके बाद सिर को धोएं।(आरएनएस)

# कपड़ों को जल्दी सुखाने के 4 आसान तरीके

आपको इंटरव्यू के लिए जाना हो, लेकिन फॉर्मल शर्ट गंदी पड़ी हो, तो आपके पास उसे धोने के अलावा कोई चारा नहीं है, क्योंकि गंदी शर्ट पहला इम्प्रेशन भी गंदा ही देगी। अब आप कहेंगे कि शर्ट धुल तो 5 मिनट से भी कम समय में जाएगी, लेकिन अब उसे जल्दी सुखाएं कैसे? बात तो सही है, जब जल्दी हो, तो कपड़ों को धोने से ज्यादा उन्हें सुखाने का टेंशन होता है। पास में वॉशिंग मशीन न हो, तो यह काम और भी चैलेंजिंग बन जाता है। ऐसे में हम आपके लिए लाए हैं, कुछ काम के ट्रिक्स, जो बिना ड्रायर के ही आपको कपड़े जल्दी सुखाने में मदद करेंगे।

तौलिया : कपड़े को धोने के बाद उसे एक बड़े टॉवल में लपेटें और फिर ट्विस्ट करते हुए उसे निचोड़ें। एक टॉवल गीला हो जाए, तो यही प्रॉसेस दूसरे तौलिये से दोहराएं। तौलिये के कारण आपको बेहतर ग्रिप बनाने में मदद मिलेगी, तो वहीं उसके रेशे कपड़े में से पानी सोखने का काम करेंगे। इसके बाद फैन को फुल स्पीड पर कर, कपड़े को हैंगर पर टांग दें।

हेयर ड्रायर : फैन की हवा सीधे कपड़े पर नहीं लगती है, इसलिए पंखे के साथ ही हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करें। इस पर वॉर्म मोड को सिलेक्ट करें, जिससे पानी को भांप बनने और कपड़े को जल्दी सूखने में मदद मिलेगी।


कूलर :हेयर ड्रायर न भी हो, तो कूलर आपके काम आ सकता है। कूलर की हवा को भी कपड़े पर डायरेक्ट किया जा सकता है। इस वजह से निचोड़े गए कपड़े को जल्दी सूखने में मदद मिलती है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# बारिश में भीगने के बाद करें इन पेय पदार्थों का सेवन, शरीर को मिलेगी गरमाहट



मानसून के समय बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी बारिश में भीगना पसंद करते हैं, लेकिन इसके कारण खांसी और जुकाम जैसे वायरल संक्रमण के साथ-साथ बैक्टीरियल संक्रमण आसानी से हो जाते हैं। ऐसे में आपको बारिश में भीगने के बाद कुछ ऐसे गर्म पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जिनसे इन संक्रमणों से खुद को बचाया जा सके। आइये आज हेल्थ टिप्स में मानसून में पीने के लिए 5 स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ जानते हैं।

मसाला चाय

मानसून के मौसम में चाय का जिक्र न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। हालांकि, बारिश में भीगने के बाद राहत पाने के लिए सामान्य चाय की जगह मसाला चाय का सेवन करें। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पानी में चाय पत्ती और चीनी डालकर उबालें, फिर इसमें दूध और चाय का मसाला डालकर अच्छे से दोबारा उबाल लें। चाय का मसाला बनाने के लिए बड़ियां का फूल, दालचीनी, लौंग और इलायची को एक साथ पीस लें।

मसालेदार कॉफी

कुछ लोग चाय के बजाय कॉफी पसंद करते हैं, लेकिन बारिश में भीगने के बाद मसालेदार कॉफी का विकल्प चुनें। इस गर्म पेय को बनाने के लिए एक लीटर पानी में कॉफी, इलायची पाउडर और अदरक डालकर उबालें। इसके बाद दूध में चीनी डालकर उसे गर्म कर लें और फिर इसे पानी के मिश्रण में डालें। अंत में कॉफी के ऊपर कद्दूकस की हुई चॉकलेट डालकर गरमागरम परोसें।

गर्म नींबू पानी

नींबू में विटामिन- सी होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मददगार है, साथ ही यह कई स्वास्थ्य और मौसमी समस्याओं से बचाव भी करता है। यह पेय विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और ऑक्सीडेटिव तनाव के कारण होने वाली सूजन को रोकने में भी सहायक है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस और थोड़ा-सा शहद मिलाएं, फिर इसका सेवन करें। विटामिन- सी से भरपूर इन पेय पदार्थों का भी सेवन करें।



अदरक शॉट

अदरक का सेवन समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसमें जिंजरोल नाम का एक यौगिक होता है, जो शरीर को गरमाहट देता है और सर्दी और फ्लू जैसी समस्याओं से बचाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले 1 इंच अदरक का रस और आधा नींबू का रस निकालकर साथ मिला लें। इसके बाद इसका सेवन करें। आप चाहें तो इसे नींबू के अलावा, शहद, सेब और हल्दी जैसी अन्य सामग्रियों के साथ मिलाकर भी बना सकते हैं।

हल्दी का दूध

हल्दी के दूध को गोल्डन मिल्क भी कहते है। यह वायरल संक्रमण के इलाज के लिए सदियों से उपचार के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। यह पेय एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है, जो प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने, गले को आराम देने और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर करने में मददगार होता है। सबसे पहले थोड़ा दूध उबालें और फिर उसमें हल्दी पाउडर, दालचीनी पाउडर, कुटी हुई काली मिर्च, गुड़ डालकर अच्छी तरह मिला लें और गुनगुना पीये। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -092

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | | 3 | | | |
| 4 | | | 5 | | | 6 | | 7 |
| | 8 | | | | 9 | | | |
| 10 | | | | | | | | |
| 11 | | | | | 12 | | | |
| | | | | 13 | | | 14 | |
| 16 | 17 | | | 18 | | | | |
| | | | 19 | | | | | 20 |
| 21 | | | | | | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 91 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को रिलीज होगी

बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक-निर्माता करण जौहर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। पिछले दिनों निर्माताओं ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का प्रोमो वीडियो जारी किया था, जिसमें रॉकी (रणवीर) अपनी रानी (आलिया) के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी फिल्म का हिस्सा हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में आलिया पहली बार पत्रकार की भूमिका रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में रणवीर एक मिठाई बनाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक रॉकी और रानी... को करीब ९,००० स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक करण फिल्म को अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं। पटना के एक एग्जिबिटर रोशन सिंह इस फिल्म के लिए अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं।

धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले फिल्म योद्धा आ रही है, जो करण की पहली एक्शन फ्रैंचाइजी है। वह सिंघम अगेन से भी जुड़े हैं और बेधड़क भी लेकर आ रहे हैं, जिसके जरिए करण, संजय कपूर की बेटी शनाया बॉलीवुड में लॉन्च करेंगी। सारा अली खान को लेकर फिल्म ऐ वतन मेरे वतन करण ने ही बनाई है। विक्की कौशल की फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम, सी शंकरन नायर की बायोपिक और सरजमीं जैसी फिल्में भी करण के पास हैं।

# बिग बॉस ओटीटी की रिद्धिमा पंडित ने पुष्टि की, वह डेटिंग मोड में हैं

रियलिटी टीवी स्टार रिद्धिमा पंडित, जो बिग बॉस ओटीटी के पिछले सीजन में नेहा भसीन द्वारा लिप-किस किए जाने के बाद थोड़े समय के लिए मशहूर हो गई, ने अपनी निजी जिंदगी पर चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि वह इस समय किसी के साथ डेटिंग कर रही हैं। रिद्धिमा हाल ही में उन बॉलीवुड हस्तियों में शामिल होने के कारण खबरों में रहीं, जिन्होंने बाद में उपयोग के लिए अपने अंडे फ्रीज कर दिए हैं, कुछ साल पहले संगीतकार राजेश रोशन के बेटे और ऋतिक के चचेरे भाई ईशान रोशन के साथ उनका रिश्ता टूट गया था। अब लग रहा है कि उनकी जिंदगी में कोई आ गया है और हाल ही में उसे एक सैलून के बाहर देखा गया, डेट पर जाने से पहले उन्हें बहुत जरूरी टीएलसी मिली। रिद्धिमा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं डेट पर जा रही हूं, लेकिन कहां और किसके साथ, यह मैं आपको नहीं बताऊंगी।

बहू हमारी रजनी कांत में बहू के रूप में सनसनी बनने के बाद रिद्धिमा फियर फैक्टर ः खतरों के खिलाड़ी ९, खतरा खतरा खतरा और बिग बॉस ओटीटी जैसे रियलिटी शो में दिखाई दीं।

रिद्धिमा ने कहा कि वह फिलहाल बिग बॉस ओटीटी 2 को फॉलो नहीं कर रही हैं, हालांकि वह इसमें पूजा भट्ट को देखने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि पूजा भट्ट मेरी पसंदीदा होंगी, लेकिन दुर्भाग्यवश, मेरे पास शो देखने का समय नहीं है। मुझे उत्सुकता है कि वह अब कैसी दिखती हैं, मुझे लगता है कि मैं पूजा भट्ट के लिए यह शो देखूंगी।

# उर्फी जावेद की बहन उरूसा ने बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा

उर्फी जावेद का फैशन सेंस और यूनीक ड्रेसिंग सेंस सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी बहनें भी इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से कहर बरपाए रहती हैं। उर्फी जावेद की छोटी बहन असफी जावेद भी अपनी फैंस को रिझाती रहती हैं। वहीं, उरूसा की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए हुए हैं। खूबसूरती के मामले में उरूसा अपनी बहन उर्फी जावेद की तरह की बेहद ही ग्लैमरस और हॉट हैं। डिजिटल मार्केटर के तौर पर करियर बनाने वाली उरूसा जावेद ने व्हाइट कलर के क्रॉप टॉप और स्कर्ट में अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस उरूसा ने अपनी बॉडी पर चॉकलेट को लगाया, जिनकी तस्वीरें देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। चॉकलेटी बदन के साथ उरूसा की तस्वीरों को देखकर फैंस की सांसें बढ़ गई हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी एक झलक के दीवाने बने रहते हैं। उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो जाती हैं। बता दें कि उर्फी जावेद की कुल तीन बहनें हैं, जिसमें सबसे बड़ी उरूसा जावेद हैं, उरूसा मुंबई में खुद का बिजनेस चलाती हैं फैशन और स्टाइल में एक्ट्रेस उर्फी जावेद की बहन उरूसा भी कड़ी टक्कर देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। फैशन और स्टाइल में एक्ट्रेस उर्फी जावेद की बहन उरूसा भी कड़ी टक्कर देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर उरूसा जावेद के ११० के फॉलोवर्स हैं, उनके फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। इंस्टाग्राम पर उरूसा जावेद के ११० के फॉलोवर्स हैं, उनके फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं।

# वॉर-2 में नजर आएंगी कियारा आडवाणी



कियारा आडवाणी आज भारत की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं और अफवाहें हैं कि वह प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में प्रवेश कर रही हैं! कियारा को जाहिर तौर पर आदित्य चोपड़ा ने अपनी टेंटपोल स्पाई थ्रिलर वॉर 2 के लिए चुना है जिसमें ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर भी हैं! फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, जिन्हें हिंदी सिनेमा में बड़ी ब्लॉकबस्टर देने के लिए जाना जाता है।

इस फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया, जहां तक वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स और वॉर 2 का विचार किया जाता है, कियारा आडवाणी टीम के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान जैसी सर्वकालिक ब्लॉकबस्टर फिल्मों की एक लीग है और इस फ्रैंचाइज़ी से आने वाली प्रत्येक फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। उन सुपरस्टार्स को देखें जिन्होंने इस ब्रह्मांड की शोभा बढ़ाई है। यह भारत में सबसे प्रतिष्ठित फिल्म बैनर है जिसमें देश के सबसे बड़े और बेहतरीन सुपरस्टार हैं। कियारा इस समय शीर्ष पर हैं और आदित्य चोपड़ा उसे वॉर 2 के अपने बैनर के साथ जोड़ रहे है, जो इस बात का संकेत है।

सूत्र कहते हैं, वॉर 2 में अभी सबसे हॉट कास्ट है। इसमें ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और अब कियारा आडवाणी जैसे तीन सुपरस्टार हैं! फिर आपके पास देश के सबसे प्रतिभाशाली युवा निर्देशक अयान मुखर्जी हैं, जो वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं! आदित्य चोपड़ा इस फिल्म को इस देश की अब तक की सबसे तेज और बेहतरीन एक्शन एंटरटेनर बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस ब्रह्मांड में अयान और आदित्य चोपड़ा कियारा आडवाणी को युद्ध-2 में कैसे पेश करते हैं यह देखना वाकई रोमांचक होगा। स्पाई यूनिवर्स की सभी नायिकाओं ने भारतीय सिनेमा पर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी है। अब, कियारा की बारी है और हम सभी जानते हैं कि वह वॉर 2 के साथ स्क्रीन पर एक बड़ा प्रभाव छोड़ सकती हैं।

# सच बता मुझे का सबसे अच्छा हिस्सा टोक्यो की शूटिंग थाः शर्ली सेतिया



इल्जाम', आया ना तू', डेंजर' जैसे हिट गानों के लिए जाने जाने वाले सिंगर-एक्ट्रेस अर्जुन कानूनगो ने सिंगर-एक्ट्रेस शर्ली सेतिया के साथ मिलकर सच बता मुझे' नाम से एक और नया ट्रैक जारी किया है।

सच बता मुझे' अर्जुन के एल्बम इंडस्ट्री 2' का दूसरा ट्रैक है, प्रसारित होने वाला पहला ट्रैक डेंजर' था।

सच बता मुझे' एक रोमांटिक गाना है और इसमें दो प्रेमियों की एक-दूसरे के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और एक साथ अपनी यात्रा की खोज की कहानी दिखाई गई है। गाने को खूबसूरत लोकेशंस पर शूट किया गया है।

इस गाने को बनाने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अर्जुन कानूनगो ने कहा, सच बता मुझे' एक खास गाना है और निश्चित रूप से इसे बहुत प्यार से बनाया गया है। यह रोमांस का मौसम है और मैंने सोचा कि इस गाने को दर्शकों के सामने लाने का इससे बेहतर समय क्या हो सकता है। शर्ली के साथ सहयोग करना एक प्यारा अनुभव था और हमें उम्मीद है कि दर्शक सच बता मुझे' का आनंद लेंगे और उसे पसंद करेंगे।

शर्ली के लिए, गाने पर काम करने का सबसे अच्छा हिस्सा टोक्यो में म्यूजिक वीडियो की शूटिंग थी, जिसमें क्रू पूरी तरह से अपने काम के लिए समर्पित था।

शर्ली ने कहा, अर्जुन के साथ सच बता मुझे' पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। हमने कुछ बहुत खास बनाया है, और अपने फैंस के लिए सबसे प्रामाणिक अनुभव लाने के लिए भारत में और एक बिल्कुल नए देश में घंटों कड़ी मेहनत की है। सबसे अच्छे और सबसे मेहनती लोगों के साथ टोक्यो में शूटिंग करना निश्चित रूप से मेरे लिए इस एल्बम को बनाने का सबसे अच्छा हिस्सा रहा। सच बता मुझे' यह बेहद सरल गाना है, जिसे आप बार-बार सुनना चाहेंगे।

# शरमन जोशी और साहिल खान बड़े पर्दे पर मचाएंगे धमाल

बॉलीवुड अभिनेता शरमन जोशी और साहिल खान ने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। दोनों स्टाइल (२००१) और इसके सीक्वल एक्सक्यूज मी (२००३) में साथ नजर आए थे, जिसमें उनके अभिनय ने दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। अब लगभग 2 दशक के बाद यह धमाकेदार जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार है। शरमान और साहिल जल्द एक फिल्म में नजर आएंगे, जिससे नई अभिनेत्री को लॉन्च किया जाएगा।

ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर पोस्ट साझा कर फिल्म के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि इस फिल्म का निर्देशन सैम खान कर रहे हैं, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है, वहीं पटकथा और संवाद मिलाप जावेरी ने लिखे हैं। हितेश खुशलानी द्वारा निर्मित और भुवि खुशलानी, जफर मेहंदी और ईशान दत्ता द्वारा सह-निर्मित फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि इसकी शूटिंग बड़े पैमाने पर अबू धाबी में होगी।

शरमान ने कहा, साहिल और मैंने पहले जो फिल्में की उनमें स्क्रीन पर हमारे बीच की केमिस्ट्री को काफी सराहना मिली है। वह हमारी पहली व्यावसायिक हिट थी, जिसे देखकर ही राजकुमार हिरानी ने मुझे 3 इडियट्स के लिए कास्ट किया था। साहिल ने कहा, सैम को मैं काफी समय से जानता हूं और उनके साथ काम करने के लिए बेहद खुश हूं। यह फिल्म मुझे और शरमन को एक बार फिर साथ लाई है। वह एक शानदार अभिनेता हैं।

फिल्म के बारे में लेखक मिलाप ने कहा, फिल्म पूरी तरह से मनोरंजक होगी। इसमें दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने के लिए सभी तत्व मौजूद होंगे। इसके अलावा निर्माता हितेश शरमन और साहिल को फिर से बड़े पर्दे पर साथ लाने के लिए खुश हैं। उनका कहना है कि शरमन की कॉमिक टाइमिंग बहुत अच्छी है तो साहिल का सेंस ऑफ ह्यूमर स्वाभाविक है। ऐसे में वे दोनों फिल्म को दर्शकों के लिए और भी शानदार बना देंगे।

शरमन हाल ही में मोना सिंह के साथ वेब सीरीज कफस में नजर आए हैं। इसके अलावा उनकी फिल्म म्यूजिकल स्कूल मई में रिलीज हुई थी। साहिल की बात करें तो वह काफी समय से फिल्मी पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं और अपना बिजनेस संभाल रहे हैं। वह आखिरी बार २०१० में आई फिल्म रामा: द सेवियर में नजर आए थे और अब वह इस फिल्म के साथ अभिनय की दुनिया में वापसी के लिए तैयार हैं।

हाल ही में साहिल एक महिला को धमकी देने और आपत्तिजनक कमेंट करने की वजह से विवादों में फंस गए थे। महिला ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया था कि साहिल और एक महिला के साथ उनका जिम में पैसों को लेकर झगड़ा हुआ था।

# लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में दक्षता- नए भारत की विकास गाथा

सुमिता डावरा

भारत आज विकास की ऊंची उड़ान भरने को तैयार है। वैश्विक स्तर पर सभी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत की लॉजिस्टिक्स संबंधी रेटिंग बेहतर होते जाने के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स से जुड़ी इसकी बाधाएं दूर होती जा रही हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग और व्यापार के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति बुनियादी ढांचे और निर्यात-आयात (एक्जिम) संबंधी लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने से संबंधित सुधारों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। बुनियादी ढांचे को अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में पहचानते हुए, प्रधानमंत्री की गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसे सुधारों ने सामानों एवं यात्रियों की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक्स से जुड़े बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स संबंधी सेवाओं में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया है। और बहुत ही कम समय में, इन सुधारों के परिणाम दिखाई देने लगे हैं।

विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गई प्रगति को स्वीकार किया है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 139 देशों के एलपीआई के बारे में जानकारी साझा करती है और भारत को इस सूचकांक में 38वें स्थान पर रखती है, जोकि 2018 में हमारी रैंक की तुलना में छह स्थान ऊपर है।

एलपीआई छह व्यापक मापदंडों पर आधारित 'गुणात्मक धारणाओं का एक सर्वेक्षण-आधारित परिमाणीकरण' है, जो सीमा शुल्क, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय लदान (शिपमेंट), लॉजिस्टिक्स संबंधी क्षमता एवं लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता, निगरानी एवं जानकारी जैसे पहलुओं पर विचार करता है।विश्व बैंक एक ऐसी उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदाहरण देता है, जिसने 2015 से देश के पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों तटों पर स्थित बंदरगाहों को सुदूर इलाकों में स्थित आर्थिक केन्द्रों से जोड़ते हुए बुनियादी ढांचे एवं विभिन्न प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है। अन्य कारकों के अलावा, इस तरह के निवेश के कारण ही बंदरगाहों पर कंटेनरों के ठहराव के समय के मामले में भारत का प्रदर्शन कई विकसित देशों की तुलना में कहीं बेहतर है। मई से लेकर अक्टूबर 2022 के बीच, भारत में कंटेनरों के ठहराव का समय न्यूनतम 3 दिन था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह समय 4 दिन, अमेरिका के मामले में 7 दिन और जर्मनी के मामले में 10 दिन था।

विश्व बैंक की यह रिपोर्ट भारत को एक ऐसे देश के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसने नेशनल लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीबीएसएल) जैसे डिजिटलीकृत प्लेटफॉर्म के उपयोग के जरिए आपूर्ति श्रृंखला में दृश्यता ला दी है। यह रिपोर्ट बताती है कि लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (एलडीबी) कैसे आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग के उपयोग के जरिए भारत में एक्जिम कंटेनरों की आवाजाही की निगरानी करता है और उसके बारे में सटीक जानकारी रखता है, जिससे माल पाने वाले (कान्साइनी) के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला की 'एक छोर से दूसरे छोर तक निगरानी' (एंड-टू-एंड ट्रैकिंग) करना संभव हो जाता है। शुरू में, माल की स्थिति का पता लगाने वाले (कार्गो ट्रेसिंग) इस प्रकार के तंत्र का शुभारंभ 2016 में देश के पश्चिमी तट पर किया गया था और आज इस तंत्र के दायरे में सभी प्रमुख बंदरगाह और निजी बंदरगाह आते हैं। भारतीय बंदरगाहों पर कंटेनरों के बेहतर ठहराव समय के लिए इसे श्रेय दिया जाता है। विश्व बैंक की रिपोर्ट को उद्धत करते हुए अगर कहें तो माल की निगरानी (कार्गो ट्रैकिंग) व्यवस्था की शुरुआत के साथ, देश के पूर्वी तट पर स्थित विशाखापत्तनम बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव का समय 2015 में 32.4 दिन से घटकर 2019 में 5.3 दिन रह गया।

देश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निगरानी रखने हेतु एक डिजिटल प्रणाली के रूप में लॉजिस्टिक्स डेटाबैंक प्रोजेक्ट (एलडीबी) का शुभारंभ किया था। एनएलडीबीएसएल को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) और निप्पॉन इलेक्ट्रिक कंपनी (एनईसी) लिमिटेड नाम की जापानी कंपनी के बीच एक एसपीवी (विशेष प्रयोजन वाहन) के रूप में संचालित किया जाता है। एलडीबी, एक्जिम कंटेनर की आवाजाही के बारे में वास्तविक समय में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु आपूर्ति श्रृंखला में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध डिजिटल जानकारी को एकत्रित व व्यवस्थित करता है। यह प्लेटफॉर्म भारत के एक्जिम कंटेनर की शत-प्रतिशत मात्रा को संभालता है। इस पर एक मोबाइल ऐप के साथ-साथ एक पोर्टल के जरिए माल पाने वालों (कान्साइनी) के लिए जानकारी पाने की सुविधा उपलब्ध है। इस तरह, एलडीबी दृश्यता प्रदान करता है और भारत के कंटेनरीकृत एक्जिम लॉजिस्टिक्स से संबंधित बिग डेटा एनालिटिक्स को सक्षम बनाता है।

जुलाई 2016 में अपना कामकाज शुरू करने बाद से, एलडीबी ने 60 मिलियन एक्जिम कंटेनरों की निगरानी की है। भारत के शत-प्रतिशत कंटेनरीकृत एक्जिम कार्गो की निगरानी करने और उनका पता लगाने हेतु आरएफआईडी, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बिग डेटा एनालिटिक्स से संबंधित प्रौद्योगिकियों के संयोजन के साथ, एलडीबी ने प्रमुख भारतीय बंदरगाहों, सबसे व्यस्त टोल प्लाजा, लगभग 400 कंटेनर फ्रेट स्टेशनों (सीएफएस)/ अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) और बंदरगाहों पर खाली यार्ड, विशेष आर्थिक क्षेत्रों और यहां तक कि नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट के साथ भी तालमेल बिठाया है। आरएफआईडी से संबंधित आंकड़ों को हासिल करने के उद्देश्य से एसपीवी द्वारा माल ढुलाई के लिए सर्पित गलियारों (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) सहित सभी प्रमुख सड़क एवं रेल मार्गों पर लगभग 3000 आरएफआईडी रीडर स्थापित किए गए हैं। संबंधित एजेंसियों द्वारा कठिनाई पैदा करने वाले बिंदुओं और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने हेतु नियमित विश्लेषणों का उपयोग किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के एलडीबी के आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कंटेनरों की निकासी मामले में आईसीडी और सीएफएस के प्रदर्शन में सुधार के अलावा कंटेनर को संभालने से जुड़े प्रदर्शन, सड़क मार्ग से गुजरने वाले कंटेनरों की निकासी, प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति के मामले में भी सुधार हुआ है। दिल्ली-मुंबई मार्ग और मुंद्रा बंदरगाह को जोड़ने वाले मार्ग जैसे प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति भी 2018 की तुलना में बेहतर हुई है। आज, एलडीबी ने दक्षता के साथ सीमा पार व्यापार को सुनिश्चित करने हेतु न केवल नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं तक अपनी सेवाओं का विस्तार किया है, बल्कि वह भारत के एक्जिम कंटेनरों की आवागमन के दौरान ठहराव वाले पहले अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह तक निगरानी रखने के लिए समुद्री ट्रैकिंग प्रणाली का भी उपयोग करता है। इसके अलावा, हमारे एफटीए को समान अंतरराष्ट्रीय प्रणालियों के साथ एकीकृत करके लाभ उठाने की संभावना तलाशना हमारे आगे के कदमों का हिस्सा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्यात कंटेनर पूरी दक्षता के साथ अंतिम गंतव्य तक पहुंचें और इससे हमारे व्यापार को बढ़ावा मिले। यह तेज गति से चलने वाले लेन में एक लंबी यात्रा की शुरुआत मात्र है। लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में सुधार हेतु भारत द्वारा नवीन डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग हमारी गति में और तेजी लाएगा तथा सोने पर सुहागा की स्थिति बनाते हुए अगले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर हमारी लॉजिस्टिक्स रैंकिंग को भी बेहतर करेगा। यह गति निश्चित रूप से 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने में मदद करेगी।

(लेखिका आईएएस, विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) भारत सरकार; तथा एनआईसीडीसी की सीईओ एवं एमडी हैं)

## सू- दोकू क्र.092

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.91 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# इंसाफ का नया अंदाज

न्यायपालिका के इंसाफ करने के नए अंदाज से एक तरफ सरकार की मंशा पूरी हो जाती है, और दूसरी तरफ अन्य पक्ष के लोग भी खुश हो जाते हैं कि उनकी दलील पर कोर्ट की मुहर लग गई। लेकिन क्या यह सचमुच न्याय है?



हाल के वर्षों में देश में इंसाफ का एक नया अंदाज देखने को मिला है। अंदाज यह है कि अगर मामला भारत सरकार या सत्ताधारी पार्टी की राजनीतिक विचारधारा से जुड़ा हो, तो कोर्ट का फैसला कुछ ऐसा होता है, जिससे सत्ता पक्ष को ज्यादा परेशानी ना हो। मसलन, अगर किसी मामले में कोर्ट इस नतीजे पर पहुंचता है कि उसमें संवैधानिक प्रावधानों/ भावना या न्यायिक निर्देशों का उल्लंघन किया गया है, तो अदालत यह बात दो टूक कहेगी, लेकिन साथ ही उस उल्लंघन के परिणाम को रद्द नहीं करेगी। इस तरह सरकार की मंशा पूरी हो जाती है, और दूसरे पक्ष के लोग भी खुश हो जाते हैं कि उनकी दलील पर कोर्ट की मुहर लग गई। लेकिन क्या यह सचमुच न्याय है? इस रुझान की ताजा मिसाल प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के कार्यकाल को बार-बार बढ़ाए जाने के मामले में देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट इसे अवैध ठहराया। लेकिन साथ ही इस रुझान के लाभार्थी को तुरंत पद मुक्त करने का निर्देश नहीं दिया। जबकि अपेक्षित यह था कि अवैधानिक कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाती और साथ ही सेवा-विस्तार के दौर में ईडी द्वारा लिए गए फैसलों को अगर रद्द नहीं, तो कम से कम पुनर्विचार की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश कोर्ट देता।

मगर इस मामले में वही ट्रेंड दोहराया गया, जो इसके पहले महाराष्ट्र में सरकार बदलने के मामले में दिखने को मिला था, या अयोध्या निर्णय में जिसके संकेत मिले थे। गौरतलब है कि पिछले करीब पांच सालों से ईडी का नेतृत्व कर रहे संजय कुमार मिश्रा की देखरेख में इस अवधि में एजेंसी ने कई बड़े मामलों में जांच शुरू की है। भारतीय राजस्व सेवा के 1984 बैच के अधिकारी संजय कुमार मिश्रा को सबसे पहले 19 नवंबर, 2018 को दो साल के तय कार्यकाल के लिए ईडी का निदेशक नियुक्त किया गया था। उसके बाद उन्हें तीन बार सेवा विस्तार दिया गया। उनके कार्यकाल में ईडी पर राजनीतिक नजरिए से प्रेरित कार्रवाइयां करने के कई इल्जाम लगे हैं। इसलिए यह मामला संवेदनशील था। कहा जा सकता है कि इसमें कोर्ट ने अर्ध-न्याय किया है। (आरएनएस)

## लचीला जीवन

बुद्ध अपने एक शिष्य के साथ जंगल के रास्ते जा रहे थे। अचानक शिष्य का पैर फिसला और वह तेजी से नीचे की ओर लुढ़कने लगा। वह खाई में गिरने ही वाला था कि उसके हाथ में बांस का एक पौधा आ गया। उसने बांस के पौधे को मजबूती से पकड़ लिया।

बांस धनुष की तरह मुड़ गया, वह न जमीन से उखड़ा और न ही टूटा। थोड़ी देर बाद बुद्ध वहां पहुंच गए और हाथ बढ़ाकर अपने शिष्य को ऊपर खींचकर बचा लिया। दोनों रास्ते पर आगे बढ़े। रास्ते में बुद्ध ने शिष्य से कहा, 'उस बांस ने तुमसे कुछ कहा, तुमने सुना क्या?' शिष्य बोला, 'नहीं, मैंने ध्यान नहीं दिया और मुझे तो पेड़-पौधों की भाषा भी समझ नहीं आती, आप ही बता दीजिए कि वह क्या कह रहा था?' बुद्ध मुस्कुराए और बोले, 'तुमने जिस बांस को पकड़ रखा था, वह पूरी तरह मुड़ गया था, फिर भी उसने तुम्हें सहारा दिया।' अब बुद्ध ने एक बांस के पौधे को खींचा और छोड़ दिया।

बांस लचककर अपनी जगह पर वापस लौट गया। बुद्ध ने कहा, 'हमें भी बांस की भांति लचीला होना चाहिए। जीवन में जब भी मुश्किल दौर आए तो बांस की तरह झुककर विनम्र होकर रहना चाहिए, लेकिन टूटना नहीं चाहिए। क्योंकि बुरा वक्त जाने के बाद पुन: अपनी वास्तविक स्थिति में पहुंचा जा सकता है।'

प्रस्तुति : सुरेन्द्र सिंह 'बागी'

# बंद मकान का ताला तोड़ लाखों की नगदी चोरी

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। बंद घर में धावा बोलते चोरों ने एक व्यापारी के घर से लाखों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रूड़की रामनगर के एक दुकानदार कमल कोहली ने अपना रामनगर का मकान बेचकर कृष्णानगर में एक घर किराए पर लिया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को कमल अपनी माँ के साथ दवा लेने के लिए हरियाणा यमुनानगर गये थे। जब वह वापस लौटे तो उन्हे घर के ताले टूटे मिले। कमल के अनुसार घर में रखी दस लाख की नकदी भी गायब मिली। जिसके बाद उन्होने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गंगनहर बीएल भारती, एसएसआई मौके पर पहुंचे और मामले में जांच शुरू की। कमल और उनकी मां के अनुसार उन्होंने हाल ही में रामनगर का अपना मकान बेचा है जिसमें दस लाख रुपए एडवांस आए थे और इस पैसे को उन्होंने घर में ही रखा था क्योंकि उन्हें नया घर खरीदना था। उन्होंने बताया कि चोरों ने घर में रखे पैसे के अलावा अन्य सामान पर हाथ साफ किया है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# कांग्रेस ने किया स्मार्ट सिटी परियोजना कार्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों में विलम्ब होने से लोगों को होने वाली परेशानियों के चलते महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट सिटी परियोजना कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

आज यहां शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों में विलम्ब तथा बरसात का मौसम शुरू होने के कारण लोगों को होने वाली भारी परेशानियों के दृष्टिगत आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष देहरादून महानगर डॉ जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में मुख्य कार्याधिकारी स्मार्ट सिटी परियोजना लिव, देहरादून के राजेन्द्र नगर स्थित कार्यालय में प्रदर्शन किया व एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान गोगी ने कहा कि पूर्व में स्मार्ट सिटी परियोजना द्वारा सभी कार्य 30 जून तक पूर्ण करने




की बात की गई थी और उसके उपरांत कार्यदाई संस्था पर प्रतिदिन के हिसाब से भारी जुर्माना लगाने की बात भी की गई थी परंतु सभी कार्य अभी भी लंबित हैं, अपूर्ण हैं और शहर के नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में जगह जगह कीचड़ जमा हो गया है। सड़कों पर गड्ढों के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पलटन बाजार में तथा परेड ग्राउंड जो कि शहर के केंद्र भी हैं वहां भी अधूरे पड़े कार्य लोगों की समस्या का कारण बने हुए हैं। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन देकर मुख्य कार्याधिकारी से मांग की कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहर में कौन से कार्य किए जाने प्रस्तावित हैं और और वह कार्य कितने प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं तथा किस तिथि तक सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे; इसकी स्पष्ट सार्वजनिक सूचना लोगों को उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही परियोजनाओं की साइट पर जहां-जहां जोखिम है, वहां पर्याप्त सुरक्षा संकेतक लगाये जाएं और सुरक्षा उपाय तत्काल किए जाएं।

# बंद घरों का ताला तोड़ लाखों की ज्वैलरी चुराने के मामले में एक दबोचा

हमारे संवाददाता

टिहरी। बंद घरों में हुई चोरियों के दो मामलों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को चोरी किये गये लाखों के जेवरात सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शातिर किस्म का चोर है जो पहले भी दुष्कर्म के मामले में जेल की हवा खा चुका है। जानकारी के अनुसार बीती 9 जुलाई को सोमवती चौहान निवासी सरस्वती विहार आईटीआई रोड चंबा द्वारा चंबा थाने में तहरीर देकर बताया गया था कि किसी अज्ञात चोर द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर घर के अंदर से लाखों की ज्वैलरी चोरी कर ली गयी है। वहीं दूसरी ओर 26 जुलाई को उत्कृष्ट भंडारी निवासी आईटीआई रोड चंबा द्वारा भी चंबा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ रात को घर का ताला तोड़कर एक मोबाइल फोन व 6500 रुपए चोरी करने की शिकायत की गयी थी। पुलिस ने दोनो मामलो में तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि उक्त चोरियों में शामिल चोर जो पूर्व से ही अपराधी है सुरंग के पास देखा गया है। जिसे पुलिस ने तत्काल दबिश देकर देर रात हिरासत में ले लिया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम सोनू कुमार, पुत्र स्व. प्रेम लाल निवासी बाल्मिकी बस्ती पुरानी टिहरी रोड ग्राम चंबा बताया। बताया कि चोरी की उक्त दोनो घटनाए उसी ने अंजाम दी है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चुराया गया सारा माल बरामद कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।




# विशेष पुलिस अधिकारी की पत्थरों से कुचलकर हत्या

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस के 42 वर्षीय विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की यहां सूरजकुंड इलाके में कथित तौर पर एक युवक ने हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब एक चाय विक्रेता ने पुलिस नाके के समीप मोहन लाल को खून से लथपथ देखा और कांस्टेबल ओम सिंह को सूचित किया जो मंगलवार रात को एसपीओ के साथ ड्यूटी पर था। विशेष पुलिस अधिकारी लाल मंगलवार रात करीब सवा आठ बजे नाके पर गए थे। करीब एक घंटे बाद चाय विक्रेता कुमार ने लाल को नाके के पास गिरा हुआ पाया। उसने देखा कि लाल के सिर से खून बह रहा है। उसने फौरन लाल को पास के एक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद हड़कंप मच गया। एसपीओ की हत्या से इलाके में दहशत है। लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर कोई विशेष पुलिस अधिकारी को क्यों मारना चाहेगा। कहीं इसके तार किसी केस से तो जुड़े नहीं है।

# जमीन के नाम पर करोड़ों की धोखाधडी में मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। बैंक में बंधक भूमि को बेचने के नाम पर पौने चार करोड की धोखाधडी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्रीनगर निवासी हेमल रावत व उसके पति जसवन्त सिंह रावत ने नेहरू कालोनी में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने प्रीत महेन्द्र सिंह निवासी रेसकोर्स, देहरादून उत्तराखण्ड से एक अनुबन्ध पत्र 26 फरवरी 2020 को भूमिधरी भूमि क्रय करने का उनसे किया था। उक्त अनुबन्ध पत्र प्रीत महेन्द्र सिंह व उनके बीच दीपक गोयल के द्वारा कराया गया तथा उनको प्रीत महेन्द्र सिंह एवं दीपक गोयल द्वारा पूर्ण आश्वासन दियाग या था कि अनुबन्धित भूमि पाक व साफ है और प्रीत महेन्द्र को उनसे अनुबन्ध करने एवं ब्याना राशि प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है। प्रीत महेन्द्र सिंह व उनके मध्य उक्त भूमि का कुल सौदा ग्यारह करोड़ तीस लाख रूपये में तय हुआ है। जिसकी बाबत प्रीत महेन्द्र सिंह ने उनसे तीन करोड रूपये अनुबन्ध पत्र 26 फरवरी 2020 के माध्यम से प्राप्त किये है तथा उसके पश्चात प्रीत महेन्द्र सिंह ने उनसे विभिन्न तिथियों को तिरासी लाख रूपये और प्राप्त किये इस प्रकार प्रीत महेन्द्र सिंह ने उनसे तीन करोड तिरासी लाख रूपये मात्र प्राप्त कर लिये है। प्रीत महेन्द्र सिंह के द्वारा उनको यह कहा गया कि आरटीजीएस की धनराशि उक्त भूमि की मूल स्वामिनी श्रीमती प्रतिमा प्रसाद के खाते में कर दो तथा उन्होंने ने प्रीत महेन्द्र सिंह के कहे अनुसार आरटीजीएस की धनराशि का भुगतान मूल स्वामी श्रीमती प्रतिमा प्रसाद के बैंक खाते में कर दिया और नकद स्वयं प्रीत महेन्द्र सिंह ने प्राप्त किये तथा धनराशि की स्वीकृति प्रीत महेन्द्र सिंह द्वारा उपरोक्त अनुबन्ध पत्र में हस्ताक्षर कर किया गया है। जिसके बाद 2021 में श्रीमती प्रतिमा प्रसाद का देहांत हो गया। जिसके बाद उसने महेन्द्र सिंह व प्रतिमा प्रसाद के पुत्र अश्वनी को रजिस्ट्री के लिए कहा तो उन्होंने साफ मना कर दिया कि जिसको पैसे दिये हैं उससे रजिस्ट्री करा लो वह उनके नाम रजिस्ट्री नहीं करेगा। जिसके बाद पडताल करने पर उसको पता चला कि उक्त भूमि पहले ही बैंक में बंधक रखी हुई थी।

# अपील निस्तारण मामले में अपर सचिव रिद्धिम पर चला आयोग का चाबुकः मोर्चा

नगर संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी ने कहा कि एक तथाकथित विधायक को भारी-भरकम सुरक्षा प्रदान किए जाने संबंधी मामले को लेकर मोर्चा द्वारा अपीलीय अधिकारी के खिलाफ सूचना आयोग में अपील योजित की गई थी, जिसमें उस समय की विशेष सचिव, गृह/अपीलीय अधिकारी रिद्धिम अग्रवाल द्वारा अपीलीय निस्तारण मामले में जानकारी के अभाव में अपील को गुण दोष के आधार पर परीक्षण करने एवं सूचना की पहुंच तक जाने की दिशा में कार्यवाही करने के बजाए लापरवाही एवं अज्ञानतावश अपील निस्तारण करने के मामले में सूचना आयुक्त विपिन चंद्र ने गंभीरता दिखाते हुए उनके कृत्य पर कहा कि उनको अपील का निस्तारण गुण- दोष के आधार पर करना चाहिए था तथा एक स्पीकिंग ऑर्डर पारित करना चाहिए था, लेकिन रिद्धिम अग्रवाल द्वारा अपने कर्तव्यों को ध्यान में नहीं रखा गया, जिसमें उनके द्वारा दायित्व के निर्वहन के प्रति लापरवाही एवं घोर उदासीनता प्रतीत होती है तथा उनका यह कृत्य उचित नहीं है।

दरअसल रिद्धिम अग्रवाल ने मामले को टालने के उद्देश्य से मात्र यह उल्लेख कर अपील निस्तारित कर दी थी कि अपीलार्थी उपस्थित नहीं हुए। शर्मा ने कहा कि आयोग ने उक्त मामले में वर्तमान अपर सचिव, गृह निवेदिता कुकरेती को निर्देश दिया कि पुनः मामले की सुनवाई कर मामले का निस्तारण करें एवं तत्कालीन अपीलीय अधिकारी रिद्धिम अग्रवाल को आदेश की प्रति तामिल कराना सुनिश्चित करें। आयोग के इस कदम से अधिकारियों को नसीहत मिलनी तय है।

# लाखों के जेवरात व नगदी चोरी मामले में एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। दिन दहाड़े घर में घुस कर लाखों के जेवरात व नगदी चोरी होने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को चोरी किये गये जेवरात व नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज हंसा बसेड़ा पत्नी जगदीश बसेड़ा निवासी झनकट खटीमा द्वारा कोतवाली खटीमा में तहरीर देकर बताया गया था कि 25 जुलाई को शाम चार बजे वह अपने घर मे अपने बेटे मंयक को छोडकर भवन निर्माण कार्य के लिए गयी थी। जब शाम 6 बजे वह वापस लौटी तो बेटा रास्ते में घूमता मिलना जब कमरे मे पहुची तो देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ है। साथ ही किसी अज्ञात




चोर द्वारा उनके घर से लाखों रूपये की जेवरात व 50 हजार रूपये की नगदी चुरा ली गयी है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी गयी। पुलिस ने जब मामले में उक्त घर के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को चैक किया तो पता चला कि उक्त चोरी की वारदात को कमलेश कुशवाहा पुत्र प्यारे लाल कुशवाहा निवासी ग्राम ग्रीनसिटी हल्दी मझौला थाना खटीमा द्वारा अंजाम दिया गया है। जिसे पुलिस ने आज सुबह टेडाघाट पुलिया खटीमा से गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से चुराये गये जेवरात व 50 हजार की नगदी भी बरामद की गयी है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

# सरकार को लगाया 134 करोड़ का चूना

आगरा। सेंट्रल जीएसटी और सेंट्रल एक्साइज की टीम ने आगरा में 134 करोड़ के जीएसटी फ्रॉड का खुलासा किया है। टीम ने फर्जी फर्मों के बिजनेस में शामिल एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जो कि माल की आपूर्ति किए बिना चालान जारी करता है और दूसरों के नाम का उपयोग करके व्यक्तिगत चालू बैंक खातों के माध्यम से पैसा भेजता है। इसके साथ ही कई फर्मों के लेटर हेड पर जारी किए गए फर्जी चालानों की प्रतियां, चेकबुक, बैंक पासबुक, रबर स्टांप और मोबाइल फोन सहित कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। वहीं, फ्रॉड के मास्टरमाइंड अक्षय गोयल को गिरफ्तार किया है। जांच में अक्षय ने अपराध को कबूल लिया है। सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, आगरा के आयुक्त कार्यालय की तरफ से जारी प्रेस नोट के मुताबिक, इस रैकेट की मॉडस ऑपरेंडी के अंतर्गत प्रारंभ में परिवार के सदस्यों, कर्मर्मचारियों और दोस्तों के पैन और आधार नंबरों का उपयोग करके फर्जी फर्मों को बनाया जाता है और फिर माल की आपूर्ति/आवाजाही के बिना लेनदेन का एक जटिल नेटवर्क तैयार किया जाता है। पूरा रैकेट सर्कुलर ट्रेडिंग के इर्द-गिर्द घूमता है और अलग-अलग ग्राहकों को उनके अनुरोध के अनुसार माल की वास्तविक आपूर्ति के बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट भेजा जाता है। यह मुख्य रूप से अन्य टैक्सपेयर्स को माल के किसी भी प्रकार के फिजिकल आवागमन और भुगतान के बिना, गलत तरीके से आईटीसी का लाभ उठाने और उपयोग करने की अनुमति देता है।



# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांडः अजरबैजान में पकड़ा गया लॉरेंस बिश्नोई का भांजा भारत लाया जाएगा

नई दिल्ली। दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की 29 मई 2022 को पंजाब में हत्या कर दी गई थी। मामले में सुरक्षा एजेंसियां को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। अब सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड और लॉरेंस बिश्नोई के भांजे सचिन विश्नोई को जल्द ही भारत लाया जाएगा। अगस्त साल 2022 में सचिन बिश्नोई को अजरबैजान में दबोचा गया था। जांच एजेंसियों को इस बात की आशंका है कि पंजाबी गायक मूसेवाला की हत्या को अंजाम देने की जानकारी सचिन बिश्नोई को भी पहले से थी। सिद्धू मूसेवाला मडर केस में आरोपी सचिन बिश्नोई और अनमोल बिश्नोई हत्या से पहले ही ये नकली पासपोर्ट के जरिए विदेश फरार हो गए थे। सचिन विश्नोई को अब जल्द ही दिल्ली लाने की तैयारी है। सुरक्षा एजेंसियां उसे अजरबैजान से दिल्ली लेकर आएंगी। उस पर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की प्लानिंग करने का आरोप है। सिद्धू मूसेवाला के कत्ल के बाद सचिन ने ये दावा किया था कि उसने ही पंजाबी गायब को मारा है। सचिन विश्नोई का फर्जी पासपोर्ट दिल्ली के संगम विहार इलाके के एक पते पर बनाया गया था, जिसमें उसका नाम तिलक राज टुटेजा लिखा गया था। पंजाब पुलिस की जांच में खुलासा हुआ था कि लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बरार के साथ सचिन और अनमोल बिश्नोई भी मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड हैं। वहीं, एनआईए ने लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी विक्रम बरार और विक्रमजीत सिंह को भी यूएई से भारत के लिए भेजे जाने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। एनआईए विक्रम बरार को यूएई से भारत लाई है।



# गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते छत पर हुई गंगा आरती !

वाराणसी । वाराणसी में गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी और सावन में पर्यटकों की लगातार बढ़ती भीड़ के चलते दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती बुध वार को छत पर पहुंच गई। आगामी समय में बाढ़ के हालात बने तो और भी सावधानी बरती जाएगी । वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर जलस्तर बढ़ने से खतरनाक स्थिति बन रही है। कई घाटों का आपस में संपर्क कट गया है। वहां अब एहतियात बरती जा रही है। गंगा सेवा निधि की ओर होने वाली विश्व प्रसिद्ध मां गंगा आरती अब घाट की सीढ़ियों के बजाय गंगा सेवा निधि कार्यालय की छत पर की जा रही है। बीते कुछ दिनों से गंगा के जलस्तर में उफान के कारण पांच बार आरती का स्थान बदला था। गंगा में बढ़ रहा पानी गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने बताया कि गंगा के जलस्तर बढ़ने और इस वर्ष सावन दो माह का होने के कारण श्रद्धालुओं व दर्शनार्थी की संख्या बढ़ने के कारण गंगा सेवा निधि ने यह निर्णय लिया है। बाढ़ के हालात बने तो और भी सावधानी बरती जाएगी।



## पीएम किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को मिली 14वीं किस्त

# राज्य के किसानों को डीबीटी के माध्यम से 168 करोड़ की धनराशि की गयी हस्तांतरित



हमारे संवाददाता

देहरादून। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तराखण्ड के 760148 लाभार्थी किसान परिवारों को 14वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से 168 करोड़ रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की गयी है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेशभर से आए किसानों को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों को मजबूत करने का कार्य किया है। केन्द्रीय कृषि बजट वर्ष 2014 में 23000 करोड़ से बढ़कर वर्तमान में 125000 करोड़ पहुंच गया है। कृषि बजट में यह वृद्धि पांच गुना से अधिक है। कृषि और कृषक कल्याण केन्द्र तथा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को डीबीटी के माध्यम से सभी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों से देहरादून के किसान भवन में किसान कॉल सेंटर खोलने की योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तराखण्ड के 760148 लाभार्थी किसान परिवारों को 14वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से 168 करोड़ रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की गई है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड को 300 किसान उत्पादक समूहों (एफपीओ) बनाने का लक्ष्य मिला हैं जिसके सापेक्ष राज्य में 207 एफपीओ का गठन हो चुका है।

आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सीकर, राजस्थान से देशभर के किसानों को सम्बोधित कार्यक्रम को देहरादून में प्रदेशभर से उपस्थित किसानों ने वर्चुअल माध्यम से सुना। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों को मजबूत करने का कार्य किया है। केन्द्रीय कृषि बजट वर्ष 2014 में 23000 करोड़ से बढ़कर वर्तमान में 125000 करोड़ पहुंच गया है। कृषि बजट में यह वृद्धि पांच गुना से अधिक है। कृषि और कृषक कल्याण केन्द्र तथा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को डीबीटी के माध्यम से सभी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों से देहरादून के किसान भवन में किसान कॉल सेंटर खोलने की योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखण्ड सरकार ने भी राज्य में कृषि के विकास के लिए बहुत सी महत्वकांक्षी योजनाएं प्रदेश में लागू की हैं। इनमें प्राकृतिक खेती योजना, नमामि गंगे प्राकृतिक खेती योजना, मिलेटस योजना, स्थानीय प्रजाति प्रोत्साहन योजना तथा सिचांई के साधनों का विकास करना आदि प्रमुख हैं।

कार्यक्रम में विधायक मुन्ना सिंह चौहान , जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान , उत्तराखण्ड राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष राकेश राजपूत, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह पुण्डीर, डीजी कृषि रणवीर सिंह चौहान, कृषि विभाग के अन्य अधिकारी तथा प्रदेशभर से बड़ी संख्या में आए किसान मौजूद रहे।

# पुलिस ने रिकवरी एजेंटो व कैश कलेक्शन करने वालों को दिये जरूरी दिशा निर्देश



संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने रिकवरी एजेंटो, कैश कलेक्शन करने वालों की बैठक ले उनको जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां वर्तमान में पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थानाध्यक्षों/ थाना प्रभारियो को उनके क्षेत्र अंतर्गत रिकवरी एजेंट/ कैश कलेक्शन करने वाले कंपनी तथा स्विग्गी/जोमैटो के प्राधिकारी व डिलिवरी बॉयज/ एजेंट की गोष्ठी आयोजित कर डिलीवरी बॉयज व एजेंट का पुलिस सत्यापन करने संबंधित निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में थाना मसूरी क्षेत्र अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक मसूरी शंकर सिंह बिष्ट द्वारा मसूरी के कलेक्शन एजेंसी/ रिकवरी एजेंट तथा डिलीवरी बॉयज / एजेंट की मीटिंग की गई। जिसमें कंपनियों के डिलीवरी/ कलेक्शन/ऋण वसूली कार्य हेतु डिलीवरी बॉयज का पुलिस सत्यापन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। डिलीवरी बॉयज हुआ एजेंट के संबंध में पूर्ण विवरण फोटो मोबाइल नंबर प्राप्त किये जा रहे हैं। जिनके प्रोफाइल तैयार किया जा रहे हैं।

# एनआरआई का मकान हड़पने के मामले में साले व ससुर पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। एनआरआई का मकान हडपने के मामले में ससुर व साले के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कनाडा निवासी दलजीत सिंह ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह भूपेन्द्र सिंह की पुत्री राखी वालिया के साथ वर्ष 1993 में देहरादून में हुआ था। उसके भूपेन्द्र सिंह के साथ बहुत अच्छे सम्बंध थे वह भारतीय सेना में केप्टन के पद से स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति 1999 में ले ली थी तथा उसको सेवानिवृत्ति के बाद काफी अच्छी धनराशि प्राप्त हुई थी. जिसको उसने अपने ससुर भूपेन्द्र सिंह को निवेश हेतु समय-समय पर देता रहा। वह वर्ष 2000 में भारत से कनाडा शिफ्ट कर गया। कनाडा में स्थाई रूप से रहना लगा। उसके ससुर ने वर्ष 2017 में उसको कहा कि देहरादून में सम्पत्ति की कीमत अन्य शहरो की अपेक्षा काफी कम है इसलिए वह देहरादून में सम्पत्ति ले लो। जिसके बाद उसने डिफेंन्स कालोनी मे एक मकान लिया। उसके ससुर ने उससे पवर ऑफ आर्टोनी ले ली। उसने उपरोक्त विषयक सम्पति अपने भाई हरमेन्दर वालिया के नाम 29 मई 2023 को गिफ्ट डीड पंजीकृत करा दी। उसके भाई हरमेन्दर वालिया ने एक नोटिस 29 मई 2023 भूपेंद्र सिंह वालिया को इस आशय का दिया कि उसके भाई केप्टन दलजीत ने उक्त सम्पत्ति मुझे उपहार में दे दी है। जिसके बाद उसको पता चला कि भूपेन्द्र सिंह ने उक्त सम्पत्ति पावर आफ अर्टीनी के माध्यम से अपने बेटे को दे दी है। जिसके बाद उसको अपने ससुर व साले की धोखाधडी का पता चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*